**Dainik Bhaskar, Page no.02, Date- 25-07-2025**

# एडीयू: पीजी में एडमिशन का एक और मौका, अब 27 तक आवेदन

**नई दिल्ली** | डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली (एडीयू) ने पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए एक और मौका दिया है। छात्र अब 27 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने बताया कि जिन छात्रों ने सीयूईटी परीक्षा दी है, वे यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इन आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बावजूद सीटें बची रह जाती हैं, तो स्नातक अंकों के आधार पर आवेदन करने वाले गैर-सीयूईटी आवेदकों के नाम पर विचार किया जाएगा। गैर-सीयूईटी आवेदकों के लिए एक अलग प्रवेश पोर्टल बनाया गया है।